डाटा सेंटर विदेशी निवेशकों की पहली पसंद

यूपीजीआइएस-23

राज्य ब्यूरो, लखनऊ : प्रदेश में निवेश के लिए विदेशी निवेशकों ने जिन 25 सेक्टर में रुचि दिखाई है उनमें डाटा सेंटर उनकी पहली पसंद बना है।

लाजिस्टिक पार्क, रिन्यूएबल एनर्जी, टेक्सटाइल और फिल्म सिटी जैसे क्षेत्रों में भी विदेशी निवेशकों का रुझान काफी देखने को मिला है। विदेशी निवेशक डाटा सेंटर के क्षेत्र में 17560 करोड़ का निवेश करेंगे। लाजिस्टिक पार्क इनकी दूसरी पसंद के रूप में उभरा है। इस क्षेत्र में 16,810 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। रिन्युएबल एनर्जी के क्षेत्र में यूएई की आस्था ग्रीन एनर्जी वेंचर्स ने 4480 करोड़, श्री सिद्धार्थ इंफ्राटेक ने आठ हजार करोड़ खर्च करने की कार्ययोजना बनाई है। जर्मनी, बेल्जियम और स्वीडन में रोड शो के दौरान बोसोन एनर्जी एसए ने एक हजार करोड़ के निवेश का फैसला किया है। इस क्षेत्र में विदेशी मेहमान कुल 12,500 करोड़ का निवेश करेंगे। इंटरनेशनल ग्रुप एबी ने दस हजार करोड़ का निवेश फिल्म सिटी में करेगा। निवेश आकर्षित करने के सरकार के मंत्रियों के साझा प्रयास इसकी तिथि करीब आने के साथ मूर्त रूप लेते दिखाई दे रहे हैं।